Downloaded from: justpaste.it/u-19WCseminal

U-19 WC : SemiFinal मुकाबले में Pakistan ने जीता Toss, पहले बल्लेबाजी का किया फैसला

India (भारत) और Pakistan (पाकिस्तान) के बीच सेमीफाइनल मुकाबला South Africa (दक्षिण अफ्रीका) के पोटचेफ्स्ट्रूम में खेला जा रहा है।

U-19 World Cup 2020 अपने रोमांचक मोड़ पर पहुंच चुका है। U-19 World Cup (वर्ल्ड कप) के SemiFinal (सेमीफाइनल) मुकाबले में Pakistan (पाकिस्तान) ने Toss (टॉस) जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया है। India (भारत) और Pakistan (पाकिस्तान) के बीच सेमीफाइनल मुकाबला South Africa (दक्षिण अफ्रीका) के पोटचेफ्स्ट्रूम में खेला जा रहा है। चार बार की वर्ल्ड चैंपियन Indian Team (भारतीय टीम) के पास 7वीं बार World Cup (वर्ल्ड कप) के Final (फाइनल) में पहुंचने बेहतरीन मौका है। Indian team (भारतीय टीम) का इस Tournament (टूर्नामेंट) में शानदार प्रदर्शन जारी है। दोनों टीमें इस बार वर्ल्ड कप में एक भी मुकाबला नहीं हारी है। ऐसे में सभी को इस मुकाबले का बड़ी बेसब्री से इंतजार है।

Semi-Final (सेमीफाइनल) में कौन मारेगा बाजी ?

ICC Under-19 Cricket World Cup (अंडर-19 वर्ल्ड कप) 2020 में दोनों टीमें शानदार फॉर्म में चल रही है। India (भारत) और Pakistan (पाकिस्तान) ने इस टूर्नामेंट में अब तक एक भी मुकाबला नहीं हारा है। लेकिन बात अगर दोनों टीमों के बीच खेले गए अब तक के मुकाबलों की करें तो उसमें भारतीय टीम का पलड़ा भारी नजर आ रहा है। भारतीय टीम इससे पहले भी पाकिस्तान को कई मुकाबलों में पटखनी दे चुका है। भारत ने पिछले साल सितंबर में हुए एशिया कप और 2018 के वर्ल्ड कप में भी पाकिस्तान को धूल चटाई है। ऐसे में भारतीय टीम का पलड़ा इस मैच में भी भारी नजर आ रहा है।

U-19 WC : India-Pak के बीच सबसे बड़ा मुकाबला, SemiFinal में आमने-सामने होंगी…

इस मुकाबले में भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जयसवाल की भूमिका काफी अहम होने वाली है। पूरे वर्ल्ड कप में यशस्वी ने अपनी बल्लेबाजी का लोहा मनवाया है। अब तक खेले चार मुकाबलों में यशस्वी ने 3 अर्धशतक लगाये हैं। ऐसे में उनके उपर इस अहम मुकाबले में भारतीय टीम को ठोस शुरुआत दिलाने की जिम्मेदारी होगी। इसके अलावा रवि बिश्नोई भी सेमीफाइनल मुकाबले में ट्रंप कार्ड साबित हो सकते हैं।

दोनों टीमों की प्लेइंग इलेवन पर एक नजर :–

India U-19:यशस्वी जायसवाल, दिव्यांश सक्सेना, प्रियम गर्ग (कप्तान),तिलक वर्मा, ध्रुव जुरेल, सिद्धेश वीर, सुशांत मिश्रा, कार्तिक त्यागी, अथर्व अंकोलेकर, रवि बिश्नोई, आकाश सिंह

Pakistan U-19:हैदर अली, मोहम्मद हुरैरा, रोहेल नजीर (कप्तान), मोहम्मद हैरिस, फहाद मुनीर, कासिम अकरम,इरफान खान, अब्बास आफरीदी, मोहम्मद आमिर खान, ताहिर हुसैन, आमिर अली